# UNIVERSITY NEWS 24 APRIL 2026

## I NEXT

### विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण का संदेश

LUCKNOW(23 April): एलयू में गुरुवार को एसएफडी अवध की ओर से भूमि फेस्ट : आइडियाज टू एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान संस्थान के अपर महानिदेशक परमिंदर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण एवं सतत विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने क्रियाशील माडल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, एसएफडी के राष्ट्रीय सह-संयोजक रमाकांत चौधरी, प्रो. बीना राय, प्रांत संयोजक शाश्वत अवस्थी उपस्थित रहे.

## AMAR UJALA

### लविवि : मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में आए 1100 से अधिक अभ्यर्थी




लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल (मेन कैंपस) की ओर से बृहस्पतिवार को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। लविवि के प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन डॉ. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के जरिये 3,123 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। हालांकि दोपहर तक 1100 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। रोजगार मेले का उद्घाटन कुलपति प्रो. सैनी ने किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 12 कंपनियों ने हिस्सा लिया। वित्त, निर्माण, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों की इन कंपनियों में नौकरी के लिए छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चयन परिणाम 7 से 14 दिनों में घोषित होंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### सम सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक कोर्स की सम सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल बृहस्पतिवार को जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर के चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं सात मई से 26 मई के बीच आयोजित होंगी। वहीं बीएससी होम साइंस की परीक्षाएं दो मई से 18 मई के बीच होंगी। इसके अलावा बीजेएमसी के चौथे और छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं छह मई से 18 मई के बीच प्रस्तावित हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## DAINIK JAGRAN

### नवीनीकृत भवन का लोकार्पण, विदेशी छात्रों ने लगाई प्रदर्शनी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के ललित कला संकाय अंतर्गत कला एवं शिल्प महाविद्यालय के नवीनीकृत भवन एवं छात्रावास का लोकार्पण गुरुवार को कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने किया। इस अवसर पर विदेशी विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रदर्शनी भी लगाई।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि कला एवं शिल्प महाविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां के विद्यार्थियों एवं कलाकारों ने देश-विदेश में लवि का नाम रोशन किया है। संकायाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य डा. रतन कुमार ने बताया कि छात्राओं के लिए अलग छात्रावास निर्माण के लिए समाज कल्याण विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय छात्रों की कला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसमें 15 कलाकारों ने भाग लिया। प्रदर्शनी का क्यूरेशन प्रो. आलोक कुमार के निर्देशन में किया गया। वि.

## HINDUSTAN TIMES


### College of Arts and Crafts: Renovation work completed

**LUCKNOW:** The renovated buildings of the College of Arts and Crafts under the Faculty of Fine Arts, University of Lucknow, were inaugurated by the vice-chancellor, prof JP Saini.

Established in 1892, the College of Arts and Crafts has long been regarded as one of the most prestigious art institutions of undivided India. This is the first time in the institution's 115-year history that such extensive renovation and development works have been undertaken on a large scale, an official said.

"A fund of ₹5.11 crore was sanctioned for the development of the college buildings, hostels, and other infrastructural facilities. The project included renovation of academic buildings, upgradation of hostels, improvement of electrical and water supply systems, campus beautification, and strengthening of other essential infrastructure facilities," said dean and principal Ratan Kumar on Thursday. Saini said that the University administration is committed to preserving the institution's glorious heritage while equipping it with modern facilities.

The event was attended by faculty members, university officials, students, and several distinguished personalities associated with the field of art. HTC



A renovated hostel at the College of Arts and Crafts. HT

## SWATANTRA BHARAT

### लविवि: प्लेसमेंट सेल में पहुंचे 4223 अभ्यर्थी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल (मेन कैंपस) में गुरूवार को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें ऑनलाइन पंजीकरण के लिए 3,123 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया, जबकि कार्यक्रम में 1100 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया।कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 16 कंपनियों ने सहभागिता के लिए अपनी सहमति प्रदान की थी, किन्तु समयाभाव के कारण 4 कंपनियाँ इस ड्राइव में भाग नहीं ले सकीं, जिसके परिणामस्वरूप 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने सक्रिय रूप से चयन प्रक्रिया में भाग लिया। इन कंपनियों ने वित्त, निर्माण, हेल्थकेयर, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी एवं सेवा क्षेत्र में विद्यार्थियों को विविध रोजगार अवसर प्रदान किए।कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने कहा कि यह मेगा प्लेसमेंट ड्राइव विश्वविद्यालय की एक सशक्त पहल है, जो छात्रों को उद्योग जगत से सीधे जोड़ती है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इतनी बड़ी संख्या में कंपनियों को एक ही मंच पर लाना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है, क्योंकि इससे उन्हें विविध अवसरों तक एक साथ पहुंच मिलती है। उन्होंने छात्रों को इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया।इस दौरान प्रो. अरविंद मोहन ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का होना भी आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. भावना मिश्रा, कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ स्वयं को प्रस्तुत करने की सलाह दी।

## DAINIK BHASKAR

### लविवि में नौकरियों की बौछार: मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में उमड़ा 1100 से अधिक छात्रों का हुजूम



**• लखनऊ विश्वविद्यालय के मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में 12 दिग्गज कंपनियों ने परखा हुनर**

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (मेन कैंपस) के प्लेसमेंट सेल ने 2026 की अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का भव्य आयोजन किया। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। 3,123 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से दोपहर तक 1100 से अधिक छात्रों ने साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय रोजगार अध्ययन पीठ के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोजगार विभाग के सहयोग से आयोजित इस ड्राइव में निर्माण, वित्त, हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों की 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने युवाओं के कौशल को परखा। कुलपति प्रो. सैनी ने इसे उद्योग और छात्रों के बीच की दूरी पाटने वाला एक सशक्त मंच बताया। वहीं, प्रो. अरविंद मोहन ने छात्रों को एआई और नैतिक मूल्यों के समन्वय की सीख दी।

प्रो. अनूप कुमार भारतीय (चेयरमैन, प्लेसमेंट सेल) ने स्वागत करते हुए इसे करियर निर्माण का मील का पत्थर बताया। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। चयनित अभ्यर्थियों के नामों की घोषणा आगामी 7 से 14 दिनों के भीतर की जाएगी। इस सफल आयोजन ने लविवि के प्लेसमेंट इतिहास में एक नया अध्याय जोड दिया है।

## HINDUSTAN

### शिल्प महाविद्यालय के नए भवन का लोकार्पण

लखनऊ। छात्रों के बेहतरी के लिए लविवि के ललित कला संकाय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय के नए भवन का गुरुवार को कुलपति ने लोकार्पण किया। जर्जर हो चुकी बिल्डिंग की मरम्मत के लिए शासन की ओर से ₹511.67 लाख के अनुदान से पुनरुद्धार कार्य कराया गया।